▼ ब्रीफ खबरें

## मोदीडीह डंप की बंदी मोर्चा ने की स्थगित

**कतरास ।** पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो की उपस्थिति में संयुक्त मोर्चा एवं असंगठित मजदूर प्रतिनिधियों की मांगों पर सकारात्मक पहल के आश्वासन तथा क्रमवार तरीके से गाड़ी वितरण की मांग मान लिए जाने के बाद मोदीडीह डंप की बंदी को स्थगित कर दिया गया. जानकारी देते हुए मजदूर नेत्री अनीता देवी, छोटू रवानी तथा कृष्णा राम ने कहा कि हमलोगों ने क्रमवार गाड़ी वितरण की मांग को लेकर आंदोलन की घोषणा की थी, लेकिन सहमति बनने के बाद बंदी स्थगित की गई. मजदूर हित की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी. प्रबंधन ने भी 29 जनवरी को वार्ता को लेकर पत्र दिया है.

## नेताजी की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

**निरसा ।** गुरुदास चटर्जी फाउंडेशन द्वारा निरसा स्थित गुरुद्वारा पंजाबी मिलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. फाउंडेशन के सदस्य एवं निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी एवं उनकी पत्नी अनिंदिता चटर्जी ने कार्यक्रम की शुरुआत में नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं स्वर्गीय गुरुदास चटर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए. उसके बाद कार्यक्रम के डांस जज कावरी दे एवं चित्रकला के जज अमिताभ घोष को मोमेंट देकर सम्मानित किया.

## धार्मिक उन्माद फैलाने वाली वीडियो को लेकर केस दर्ज

**महुदा ।** रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी में महुदा बाजार में सोमवार को निकले एक धार्मिक जुलूस के दौरान कुछ युवकों द्वारा धार्मिक भावना भड़काने का प्रयास किया गया. साथ ही कुछ युवकों के द्वारा सोशल मीडिया पर धार्मिक उन्माद फैलाने वाली एक वीडियो भी वायरल की गई. वायरल वीडियो तथा युवकों द्वारा एक समुदाय के खिलाफ अभद्र नारेबाजी के आलोक पर जिला वरीय पदाधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए महुदा पुलिस को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया.

## चोरों ने घर में अकेली महिला की हत्या की

**केन्दुआ।** केंदुआडीह थाना अंतर्गत अलकुसा गोरखपुरी कैम्प के ऊपर धौड़ा निवासी गियांति देवी की बीती रात अज्ञात चारों ने घर में घुसकर उनके सोने के सारे आभूषण छीन ली एवं बेरहमी से मारपीट कर उनकी हत्या कर दी. जानकारी के अनुसार मृतका घर में अकेली थी. उनके पुत्र श्रीकांत राजभर एवं पुत्रवधु अपने पैतृक निवास देवरिया उत्तर प्रदेश गए हुए थे. घटना की सूचना पाकर केंदुआडीह पुलिस एवं डीएसपी विधि व्यवस्था अरविन्द कुमार बिनहा मौके पर पहुंच जांच में जुट गए. फ़िलहाल पुलिस ने मृतका के शव को घर के अंदर ही रख बाहर से दरवाजा को सील कर दिया है.

## सहायक अध्यापकों ने सीएम को लिखा पत्र

**कतरास ।** शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापकों ने चार प्रतिशत वार्षिक मानदेय वृद्धि के संबंध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है. पत्र की जानकारी देते हुए शिक्षक प्रतिनिधि चंदन मोदक ने बताया कि धनबाद जिले के शहरी क्षेत्र नगर निगम में आने वाले सहायक अध्यापकों को चार प्रतिशत वार्षिक मानदेय वृद्धि की राशि आज तक नहीं मिल पाया है जबकि ग्रामीण क्षेत्र के सहायक अध्यापकों को उचित मानदेय वृद्धि की राशि विगत एक वर्षों से मिल रही है. कहा कि विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारी शहरी क्षेत्र के सहायक अध्यापकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं.

### वर्ष 2010 में धनबाद रेल मंडल के इस रेलवे स्टेडियम के दो मुख्य गेट में ताला जड़ा गया था

# करोड़ों खर्च के बाद भी उजड़ता चला गया रेलवे स्टेडियम

संवाददाता। धनबाद



आम लोगों के प्रवेश पर जनवरी वर्ष 2010 में धनबाद रेल मंडल का इकलौता रेलवे स्टेडियम के दो मुख्य गेट में जब ताला जड़ा गया तो उसी समय से मैदान की हालत पतली होती चली गई. दोनों गेट के बंद होने से गैररेलकर्मी और उनके घरवाले स्टेडियम में आकर मार्निंग वॉक नहीं कर पा रहे हैं. पहले रेलकर्मी हो या फिर गैररेलकर्मी व उनके परिवार सभी लोग मार्निंग वॉक करने के साथ-साथ फुटबॉल, क्रिकेट आदि अन्य खेल खेलते थे. युवक-युवती भी पुलिस-सेना आदि बहाली के लिए रोजाना सुबह-शाम आकर दौड़ने के साथ-साथ लांग व हाई जंप भी करते थे. इससे स्टेडियम में सुबह और शाम में रौनक रहती थी, लेकिन इस पर 2010 में कतिपय कुछ रेल अधिकारियों की बुरी नजर लग गई. फिर फरमान जारी किया गया कि रेलवे अधिकारियों, चुनिंदा रेलकर्मियों, आरपीएफ पदाधिकारियों व जवानों के लिए रेलवे स्टेडियम का ताला खुलेगा. फिर क्या था, फरमान जारी होते ही स्टेडियम के उत्तर व दक्षिण दिशा के दोनों गेट को बंद कर दिया गया. बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगी तो दर्जनों लोगों ने पहले विरोध किया, फिर डीआरएम कार्यालय जाकर अधिकारियों से भी मिले, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ. अधिकारियों का तर्क था कि बाहरी लोग स्टेडियम में आकर नशे का सेवन करते हैं.

**35 से 40 साल पहले होता था राज्य स्तरीय फुटबॉल मैच**

सूत्रों के अनुसार दोनों गेट बंद होने से 14 साल में रेलवे स्टेडियम नर्क बन गया. इतने वर्षों में करोड़ों खर्च के बाद भी स्टेडियम उजड़ती चली गई. आज हालत ऐसी है कि स्टेडियम के सीढ़ियों पर कोई भी दर्शक बैठक कर खेल नहीं देख सकता है. लोगों का कहना है कि 35 से 40 वर्ष पहले जिला से लेकर राज्य स्तरीय मैच हुआ करता था, जिसमें क्रिकेट समंत अन्य खेल शामिल है. रेलवे को खेल से लाखों-करोड़ों की आय होती थी. अधिकारी अपने फायदे के लिए स्टेडियम के बर्बाद कर दिया. रेलवे के ही कर्मी कभी-कभी क्रिकेट व फुटबॉल खेलते हैं. जिसे देखनेवाले भी अधिकारी व कुछ कर्मी ही होते है. चारों ओर की जाली व अन्य उपकरण को भी हटा दिया गया. खिलाड़ियों के रहने के लिए भवन भी थे, लेकिन उसे ध्वस्त कर दिया. नया बन रहा है, लेकिन वह वर्षों से निर्माणाधीन है.

### कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन पर आंदोलनकारियों ने नेताजी को दी श्रद्धांजलि

# कोयलांचल में मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

संवाददाता ।कतरास/महुदा/तेतुलामारी



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कोयलांचल के कतरास तेतुलामारी महुदा बाघमारा बरोरा सहित अन्य इलाकों में विभिन्न राजनीतिक दलों सामाजिक संगठनों व शिक्षण संस्थाओं में कार्यक्रम आयोजित की गई. कतरासगढ़ रेलवे स्टेशन पर रेल आंदोलनकारियों ने सर्वप्रथम नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा कि रेल बंदी के बाद से रेल आंदोलनकारी लगातार कतरासगढ़ स्टेशन पर सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाते आ रहे हैं. उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी की भूमिका अग्रणी रही. स्वतंत्रता आंदोलन में लाखों लोग थे, लेकिन एक नेताजी ही ऐसे शख्श थे, जो कहे थे कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा. भारत के लिए उनकी सर्पण को नमन करते हैं.

मौके पर रेल आंदोलनकारी निमाई मुखर्जी, राजेंद्र प्रसाद राजा, गौतम मंडल, शौकत खान, विजय पासवान, जांय मुजमदार, नसरुद्दीन खान, विवेक कुमार, भारत कुमार साव, राजीव कुमार, मोहम्मद अख्तर हुसैन, दिलीप रवानी, सुरेश विश्वकर्मा, अमर मोदक, सुशील कुमार दुबे आदि मौजूद थे.

वहीं सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप मे मनाया गया. कार्यक्रम का प्रारंभ वंदना सभा से प्रारंभ हुई. जिसमें विद्यालय के सचिव विवेक नयन पांडे, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, समिति सदस्य, उत्तम गायली, प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, उप प्राचार्य दुर्गेश नंदन सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया. अपने उद्बोधन में सचिव विवेक नयन पांडे ने नेताजी के उन कार्यों को बताया, जिसे तत्कालीन समय के इतिहास में दर्ज नहीं किया था. उन्होंने कहा कि वैसे तो इतिहास में यह उल्लिखित है कि नेताजी का निधन विमान दुर्घटना में हुआ, लेकिन मुखर्जी आयोग ने यह बताया कि वे 1984 तक जीवित थे, परंतु उस रिपोर्ट को उसे समय की सरकार ने सार्वजनिक नहीं किया गया. जब ऐसा लगने लगा कि अब भारतवर्ष आजाद हो जाएगा तो नेताजी की सोच थी कि भले ही मुझे गुमनामी जिंदगी जीना पड़े लेकिन देश आजाद होना चाहिए. उन्होंने कहा कि नेताजी त्याग और समर्पण के साथ-साथ अदम्य साहसी थे. वे युवाओं के प्रेरणास्रोत थे, जिन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना करके अंग्रेजों को भारत छोड़ने पर विवश कर दिया था. अतः आवश्यकता इस बात की है कि प्रत्येक भारतीयों के मन में राष्ट्रीयता का भाव विकसित हो और वह देश के निर्माण में सहभागी बनें.

नेताजी की जीवनी पर कक्षा चतुर्थ के तनय एवं अनय ने सुंदर गीत प्रस्तुत किया. इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों द्वारा वीर पराक्रमियों की झांकी निकाली गई, जिसमें भारत माता, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद, महारानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मी बाई, अहिल्याबाई होलकर, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद सरीखे अनेक वीरों को दिखाया गया. कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की आचार्या प्रियंका बागची एवं आचार्य, विधान चंद्र झा किया. कार्यक्रम को संपन्न करने में विद्यालय के आचार्य मुरारी दयाल सिंह, मानिक सेन, राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद थे. इधर तेतुलामारी थाना क्षेत्र के सिजुआ राजगंज मुख्य मार्ग पर सुभाष चौक में जयंती समारोह का आयोजित किया गया. जिसकी अध्यक्षता मनोज रवानी ने किया. सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक अनूप कुमार राय ने नेताजी के आदमकद प्रतिमा पर माला अर्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया. वहीं तेतुलमेरी सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.

**लिया संकल्प**

- स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी की भूमिका अग्रणी रही
- नेताजी का निधन विमान दुर्घटना में हुआ था
- मुखर्जी आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुआ

## नेताजी के सपनों का भारत चाहिएः पवन महतो

**धनबाद ।** मार्क्सवादी युवा मोर्चा ने नया बाजार, भूली मोड़ के पास नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण कर 127वीं जयंती मनायी. इस अवसर पर मायुमो जिला अध्यक्ष पवन महतो ने कहा कि भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में नेताजी की भूमिका अतुलनीय रही. उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया. विचारधारा से भी आजादी के बाद एक समाजवादी व्यवस्था के पक्षधर थे. साथ ही अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति की लड़ाई सम्मानजनक क्रांतिकारी रास्तों से पाना चाहते थे. देश में समानता का अधिकार नेताजी के रास्ते पर चलकर ही पाया जा सकता है. इसलिए आज नेताजी के सपनों का भारत बनाने की संकल्प लेने की जरूरत है.

## नेताजी की जयंती पर प्रभात फेरी का आयोजन

**धनबाद ।** बंगाली वेलफेयर सोसाइटी हीरापुर द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर जेसी मल्लिक रोड स्थित दुर्गा मंडप से रैली निकाली गई. यह रैली हीरापुर हरि मंदिर, ज्ञान मुखर्जी रोड, रणधीर वर्मा चौक होते हुए पुनः हीरापुर दुर्गा मंदिर पहुंची. जहां नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली का समापन किया गया. इस अवसर पर नेताजी पर आधारित बच्चों के लिए कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था. जिसमें सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया. रैली में विभिन्न स्कूलों की छात्र छात्राएं, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य एवं एनसीसी के छात्र शामिल थे. रैली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द्वारा दिए गए नारे एवं उनके विचारों को पोस्टर के माध्यम से दिखाया गया.

# मधुबन में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, मामला शांत



संवाददाता। मधुबन

मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी बस्ती और खटाल के युवकों के बाइक भिड़ने को लेकर मंगलवार कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई. इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर पथराव व लाठी डंडे चले. घटना में दोनों पक्षों के पांच लोगों के जख्मी होने और एक मवेशी के मरने की बात कही जा रही है.

घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को भगाया. वहीं जख्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया. खबर पाकर डीएसपी निशा मुर्मू सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों के लोगों को समझाबुझा कर मामला शांत कराया. डीएसपी निशा मुर्मू ने बताया कि दोनों पक्षों में आपसी सहमति के बाद मामला सुलझा लिया गया है. फिलहाल पुलिस मामले पर पैनी नजर बनाए हुए है. स्थिति को देखते हुए पुलिस कांड अंकित कर कार्रवाई करेगी. पुलिस की तत्परता और सूझबूझ के कारण दो समुदायों के बीच के बीच बड़ी घटना टल गयी. घटना के बारे में कहा जा रहा है कि दोनो युवकों के साथ हुई मारपीट के बाद दोनों पक्षों के दर्जनों लोग बस्ती के समीप मैदान में जुट गए.

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बंगाली वेलफेयर ने निकाली रैली

# छात्रों ने प्रदूषण से मांगी आजादी

संवाददाता ।धनबाद



मंगलवार 23 जनवरी को धनबाद में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई. विभिन्न सामाजिक संगठन, राजनीतिक दल, शिक्षण संस्थान, सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय और स्मारक स्थलों पर उन्हें माल्यार्पण श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. इस मौके पर बंगाली वेलफेयर सोसाइटी, हीरापुर द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127वीं जयंती पर रैली निकाली गई, जो जेसी मल्लिक रोड स्थित दुर्गा मंडप से हीरापुर हरि मंदिर, ज्ञान मुखर्जी रोड, कोर्ट क्वार्टर, रणधीर वर्मा चौक होते हुए पुनः हीरापुर दुर्गा मंदिर पहुंची. जहां नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. साथ ही बच्चों के लिए नेताजी पर आधारित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया.

इसमें सभी विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया. रैली में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राएं, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य एवं एनसीसी छात्र शामिल थे. इस रैली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के द्वारा दिए गए नारे एवं उनके विचारों को पोस्टर के माध्यम से दिखाया गया. वहीं झरिया में यूथ कॉन्सेप्ट के तत्वावधान में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर हम तुम्हे खून देंगे, तुम हमें प्रदूषण से आजादी दो के नारे के साथ झरिया में व्याप्त वायु प्रदूषण के खिलाफ रक्तदान कर प्रदूषण से आजादी की मांग की गई. सदस्यों ने रक्तदान करते हुए प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया.

मार्क्सवादी युवा मोर्चा द्वारा नया बाजार, भूली मोड़ के समीप नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने कोयला नगर स्थित नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. वहीं भूली में नेता जी स्पोर्टिंग क्लब एवं वोलेंटियर ब्लड डोनर एसोसिएशन ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया. जिसमें 40 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया. इस जयंती समारोह में मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो व विशिष्ट अतिथि दिलीप सिंह थे.

**सुनवाई**

### धनबाद पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सजा सुनाई

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस साल की कैद

संवाददाता। धनबाद



शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में धनबाद पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी वर्धमान बंगाल निवासी अनस कुरैशी को बीससाल कैद की सजा सुनाई है. मामले में लड़की की तरफ से अधिवक्ता अनवर शमीम ने पैरवी की.

प्राथमिकी पीड़िता की शिकायत पर बैंक मोड़ थाने में 5 जुलाई 2020 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता अपनी मां के साथ अपने रिश्तेदार के यहां बंगाल गई थी, जहां उसका परिचय अनस के साथ हो गया था. इसके बाद दोनों में फोन से बात होने लगी थी. आरोप है कि इसका फायदा उठाकर आरोपी वर्ष 2019 में उसे मैथन घूमने के लिए अपने साथ ले गया और शादी करने की बात कह कर उसके साथ दुष्कर्म किया. बाद में अनस उसे अपने दोस्तों के घर ले जाकर भी वहां उसके साथ दुष्कर्म करता था. पीड़िता जब शादी करने के लिए उससे बोली तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया. अनुसंधान के बाद पुलिस ने अनस के विरुद्ध 4 जनवरी 21 को आरोपपत्र दायर किया था. 02 फरवरी 22 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी.

**मिली कैद**

- बैंक मोड़ थाने में 5 जुलाई 2020 को केस दर्ज हुई थी
- पीड़िता अपनी मां के साथ पश्चिम बंगाल घूमने गई थी

**नीरज हत्याकांड कुर्बान की अर्जी पर आदेश सुरक्षित**

**धनबाद ।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्याकांड की सुनवाई मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में हुई. सुनवाई के दौरान मुन्ना बजरंगी के शूटर आरोपी मोहम्मद कुर्बान की ओर से दायर ड्यूटी रजिस्टर मंगाने की याचिका पर सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान अधिवक्ता मो जावेद ने दलील देते हुए कहा कि मौके वारदात पर ट्रैफिक के जवान तैनात थे, जो इस बात का सबसे अच्छा गवाह हो सकते हैं कि मृतक नीरज सिंह व अन्य मृतकों को गाड़ी से किसने निकाला और अस्पताल तक ले गए, उस समय गाड़ी में कौन-कौन लोग मौजूद थे, लिहाजा ड्यूटी रजिस्टर मंगाया जाय. अदालत में अभियोजन ने जवाब दायर कर अर्जी का विरोध किया. अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया है.

## गंगा दामोदर एक्सप्रेस दुमका तक चलेगी

**धनबाद ।** धनबाद-पटना गंगा दामोदर एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 13329) बुधवार से पटना पहुंचने के बाद ट्रेन नंबर 13334 बनकर दुमका तक जाएगी. पटना से सुबह 6:40 बजे खुलकर यह ट्रन 11:05 बजे भागलपुर व दोपहर 1:30 बजे दुमका पहुंचेगी. पटना से दुमका के बीच राजेंद्र नगर, बख्तियारपुर, बाढ़, किउल, अभयपुर, जमालपुर, सुलतानगंज, भागलपुर, बाराहाट, हंसडीहा, नोनीहाट व बारापलासी में इसका ठहराव होगा. वापसी में ट्रेन नंबर 13333 दुमका-पटना एक्सप्रेस दुमका से दोपहर 2:05 बजे खुलकर रात 9:45 बजे पटना पहुंचेगी. फिर पटना से पहले की तरह रात 11:30 बजे खुलकर सुबह धनबाद आएगी. इस ट्रेन के चलने से पटना से दुमका के बीच एक दर्जन से अधिक जिले के लोगों को फायदा होगा.

न्यूज अपडेट ▼

## भगवा रंग के स्कूटर से अयोध्या निकले दीपक



**सिंदरी ।** अयोध्या के राम मंदिर में प्रभु श्री राम लला विराजमान हो गये हैं. प्राण प्रतिष्ठा पूरी होने के बाद हनुमान रूपधारी दीपक मोदी मंगलवार को सिंदरी से भगवा रंग के स्कूटर पर रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या रवाना हुए. दीपक ने कहा कि करीब 500 वर्षों बाद प्रभु श्रीराम अपने जन्मस्थली अयोध्या वापस आये हैं. उनके दर्शन के लिए माता सरस्वती देवी ने 30 वर्षों तक मौन धारण किया था. दीपक उसी मौनधारी माता सरस्वती के निवास स्थान भौंरा के गोल मंदिर के निवासी हैं. उन्हें अयोध्या का आमंत्रण मिला था.

## महुदा में महिला लाठी खेल का हुआ आयोजन



**महुदा ।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन स्वभिमान संस्था के किशोरी कार्यकर्ताओं ने जेंडर भेदभाव मिटाने के उद्देश्य से पारजोरिया बस्ती में महिला नुमाईसी लाठी खेल कार्यक्रम का आयोजन किया. इस दौरान महिला व युवतियों ने लाठी खेल प्रदर्शन कर अपना प्रतिभा दिखाया. किशोरियों ने पुरूष प्रधान समाज को एहसास कराया कि महिला व लड़कियां किसी से कम नहीं हैं. सुषमा देवी ने कहा कि मेरा प्रयास है कि सभी तरह के आयोजन कार्यक्रम मे महिलाएं व किशोरियों की भागीदारी सुनिश्चित हो.

## लोगों को दी गई सड़क सुरक्षा की जानकारी




**धनबाद ।** जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह तथा वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार के निर्देशानुसार एनएचएआई टीम द्वारा सड़क सुरक्षा माह 2024 के 9वें मंगलवार को तोपचांची में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी और सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की सलाह दी गई. साथ ही दुपहिया वाहन चलाते समय हेल मेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने को कहा गया. लोगों को गुड सेमरिटन की भी जानकारी दी गई.

## खराब चापाकलों की मरम्मत की कवायद शुरू

**धनबाद ।** नगर निगम ने गर्मी से पहले ही गर्मी में होने वाली पेयजल संकट के लिए तैयारी शुरू कर दी है. आने वाले गर्मी में निगम क्षेत्र के लोगों को पेयजल की समस्या न हो इसकी तैयारी अभी से प्रारंभ कर दी गई है. इसी क्रम में निगम क्षेत्र के सभी अंचलों में खराब चापाकलों की सूची मांगी गई है. सहायक नगर आयुक्त सह जलापूर्ति नोडल पदाधिकारी प्रसून कौशिक ने सभी नगर प्रबंधक से उनके क्षेत्र में खराब चापाकलों की सूची मांगी है. नोडल पदाधिकारी ने कहा कि एक से 55 तक सभी वार्डों में लगे कुल खराब चापाकलों की मरम्मती के लिए करानी है. मरम्मती कराने के लिए निविदा निकाली जाएगी. निविदा निकालने के लिए सभी वार्डो में खराब चापाकलों की सही जानकारी जरूरी है.

## ग्रीन मैराथन में प्रशांत को मिला पहला स्थान



**सिंदरी ।** बीआईटी सिंदरी में बिटसा धनबाद चैप्टर द्वारा मंगलवार को मेगा इवेंट ग्रीन मैराथन आयोजित की गई. इसमें प्रतिभागियों ने परिसर के अंदर प्रशासनिक भवन से शुरू कर हॉस्टल 26 होते हुए महिला हॉस्टल के सामने से पुनः प्रशासनिक भवन तक लगभग ढाई किलोमीटर की दूरी तय की. मैराथन के आयोजक इको क्लब व एनएसएस थे. आयोजकों ने बताया कि संस्थान के 75वें गौरवशाली वर्ष को लेकर इसका आयोजन किया जा रहा है. इससे प्रतिभागियों में जीवन के महत्व व प्रकृति के बारे में जागरुकता फैलाना उद्देश्य है. ग्रीन मैराथन एथलेटिसिज्म और पारिस्थितिक प्रबंधन के बीच अंतरसंबंध का उत्सव है. इको क्लब अध्यक्ष योगेश कुमार और विवेक कुमार के साथ स्वंयसेवकों की टीम ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया.

## दो गुटों में हुई मारपीट, दोनों ओर से केस दर्ज

**झरिया ।** बोर्रागढ़ ओपी क्षेत्र के होरलाडीह काली मंदिर के समीप सोमवार की देर रात दो गुटों में मारपीट मामले में दोनों ओर से मामला दर्ज कर लिया गया है. उक्त बातें धनबाद सिटी एसपी अजीत कुमार ने झरिया थाना में प्रेस वार्ता के दौरान बताया. पुलिस को दोनों ओर से आवेदन मिला है. जांच चल रही है. धनबाद पुलिस का कृतसंकल्प है कि धनबाद में सुचारू सुरू से विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सामाजिक सौहार्द और शांति व्यवस्था को भंग करने वाले लोगों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी. प्रेस वार्ता में सिंदरी डीएसपी अभिषेक सिंह, झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह और बोर्रागढ़ ओपी प्रभारी मनीष कुमार मौजूद थे.

## टेरेसा अकादमी में नेताजी को दी गई श्रद्धांजलि

**कतरास ।** सुभाष चन्द्र बोस के 127वें जन्म उत्सव पर झीझीपहाडी स्थित मदर टेरेसा अकादमी में श्रद्धांजलि सह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सर्वप्रथम सुभाष चन्द्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. जिसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने नेता जी के जीवनी पर भाषण दिया. वहीं प्रधानाचार्य समीर कुमार महतो ने कहा कि नेताजी ने भारत की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका को निभाया और युवाओं में आजादी के लिए लड़ने का जज्बा पैदा किया. नेताजी ने आजादी के लिए जय हिन्द, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा, चलो दिल्ली जैसे नारे दिए, जिन्होंने युवाओं में आजादी के लिए प्रेरणा का काम किया. आजादी के लिए उनके द्वारा किये गए संघर्ष को नमन करने के लिए उनकी जयंती को प्रतिवर्ष मनाया जाता जाता है. मौके पर विद्यालय के निर्देशक सह मुखिया प्रतिनिधि गणेश कुमार महतो, सुरजीत महतो, कमल शर्मा, भागीरथ प्रमाणिक, प्रीति कुमारी, सुनीता, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे.

## सिंदरी में मदर टेरेसा स्कूल ने निकाली प्रभातफेरी

**सिंदरी ।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धा अर्पित करते हुए मदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिंदरी ने मंगलवार की सुबह प्रभातफेरी निकाली. बच्चों व शिक्षकों के साथ ड्रम की धुन पर निकाली गई प्रभातफेरी विद्यालय फुटबॉल मैदान से शुरू होकर आइएमटाइप, केवन, शहरपुरा मुख्य बाजार का भ्रमण कर जयहिंद क्लब स्थित नेताजी की आदमकद प्रतिमा के पास पहुंचा. इस कार्यक्रम में एफसीआई सिंदरी संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी और समाजसेवी अंबुज मंडल ने नेताजी को माल्यार्पण कर झंडा फहराया. प्रभातफेरी में स्कूली बच्चे विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की रुप सज्जा में दिखाई दिए. इनमें अन्नु कुमारी ने भारत माता, राजीव कुमार ने नेताजी, अमन दुबे ने महात्मा गांधी, तनु श्री ने रानी लक्ष्मीबाई तथा नमन कुमार मिश्रा ने भगत सिंह के वेशभूषा में शामिल हुए. विद्यालय प्राचार्य राधेश्याम प्रसाद के नेतृत्व में निकली प्रभातफेरी पर उन्होंने कड़कड़ाती ठंड के बीच विद्यार्थियों के राष्ट्रीय प्रेम को सराहा.

## सांसद ने कहा- एक बार फिर मोदी सरकार

**धनबाद ।** धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने मंगलवार को बूथ नंबर 203 में दीवार लेखन का कार्यक्रम किया. इस अवसर पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि एक बार फिर से मोदी सरकार का स्लोगन सबका-साथ, सबका-विकास, सबका-प्रयास, सबका-विश्वास' का हमारा ध्येय नया आयाम प्राप्त करेगा. भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता हर बूथ पर स्वयं को जोड़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाएंगे. उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वह आगामी चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व विकास के हमारे संकल्प को साकार करने के साथ देश में स्थिर व समावेशी सरकार चुनें. इस अवसर पर जिला महामंत्री नितिन भट्ट, जिला मीडिया प्रभारी मिल्टन पार्थ सारथी, प्रितपाल सिंह अजमानी, उमेश सिंह, मौसम सिंह, उदय सिह,राजीव रंजन, रवि, अजयकांत सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### श्रद्धा के साथ मनाई गई बोस की जयंती

**पथरगामा (गोड्डा)** । स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीद सुभाष चंद्र बोस की जयंती जिले भर में धूमधाम से मनाई गई. पथरगामा प्रखंड कार्यालय में बीडीओ अमल जी की अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी गई. बीडीओ ने नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. मौके पर मार्केटिंग ऑफिसर अजय कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी कश्यप गौतम, बीपीआरओ सुदर्शन भगत, अरविंद साह, श्रीकांत, निरंजन कुमार, अंचल निरीक्षक अजय हांसदा सहित काफी संख्या में प्रखंड कर्मी मौजूद थे.

### कार्यक्रम में दी परिवार नियोजन की जानकारी

**साहिबगंज**। बरहेट प्रखंड मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में परिवार कल्याण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ हेमंत मुर्मू ने की. इसके अलावा प्रखंड के एचडब्ल्यूसी कदमा, खिजुखाल, दरियापुर, खुटोना में भी कार्यक्रम किए गए. मौके पर बीपीएम प्रिय रंजन सिंह, बीटीटी केदारनाथ पंडित, एएनएम कनकलता मुर्मू, एमपीडब्ल्यू योगेश कुमार, सीएचओ संध्या कुमारी, सोनम कुमारी, लीना तिग्गा, समिला मुर्मू, सोनी कुमारी सहित सीएचओ मौजूद थे.

### प्रखंडों में मनाया गया राष्ट्रीय बालिका दिवस

**पाकुड़** । महिला बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से जिले में 19 से 24 जनवरी तक राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जा रहा है. इसी के तहत मंगलवार को जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्रो में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य लिंगानुपात व संस्थागत प्रसव के प्रतिशत मे सुधार, बालिकाओं का स्कूल छोड़ने की दर को रोकना, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के बारे मे जागरूकता बढाना है. हिरणपुर व अमड़ापाड़ा के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में बच्चियों को दंगल फिल्म दिखाकर प्रोत्साहित किया गया.

### गीता परिवार का वार्षिक भक्त समागम आयोजित

**पाकुड़** । पश्चिम बंगाल गीता परिवार एवं झारखंड गीता परिवार का वार्षिक भक्ति समागम एवं पंचवटी महासम्मेलन का आयोजन मंगलवार को पश्चिम बंगाल एवं झारखंड गीता परिवार का वार्षिक भक्त समागम एवं पंचवटी महासम्मेलन सह जीवन उपयोगी सत्संग समारोह का आयोजन धुलियान एवं पाकुड़ गीता परिवार ने संयुक्त रूप से पश्चिम बंगाल के तारापुर में आयोजित किया. महासम्मेलन का उद्घाटन वृंदावन से आये हुए संत श्री हरेकृष्ण दास महाराजजी ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को माल्यार्पण कर किया.

### बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**साहिबगंज** । मंगलवार को स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेता जी सुभाषचंद्र बोस की 127वीं जयंती जिला कांग्रेस की ओर से जिरवाबाड़ी स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया. वहीं, कांग्रेसजनों ने बारी-बारी से बोस की प्रतिमा के चरणों पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया. इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज़िला उपाध्यक्ष मो कलीमुद्दीन, बासुकी नाथ यादव, अशोक, एखलाक नदीम, अजय, राजेश, यमुनादास, सुनील, सद्दाम हुसैन, अली कुरैशी, रिजवान, सादिक, राजकुमार, सतीश, मंगल, हैदर रजा, गुलज़ार अहमद आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे.

**कोडरमा लोकसभा क्षेत्र : किसके पाले जाएगी अभी कुछ तय नहीं**

# इंडिया गठबंधन में टिकट को ले मची है झकझूमर

**अभय वर्मा । गिरिडीह**

कोडरमा लोकसभा चुनाव को ले इंडिया गठबंधन में विभिन्न दलों के बीच झकझूमर मची है. हालांकि सभी दलों के शीर्ष नेतृत्व को सीट शेयरिंग तय करनी है और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र किसके पाले जाएगी अभी कुछ तय नहीं हुआ है. पर स्थानीय स्तर पर कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, भाकपा माले और राष्ट्रीय जनता दल के बीच दावेदारी की झड़ी लग गई है. जिला स्तरीय नेता विभिन्न मंचों से कोडरमा लोस की दावेदारी कर रहे हैं.

मिली जानकारी के अनुसार पिछले लोकसभा चुनाव (2019) में यह सीट कांग्रेस के कोटे में थी. कांग्रेस ने यह सीट झारखंड विकास मोर्चा को दे दिया था. इस बार कोडरमा की राजनीति ने करवट बदली है. तब के झारखंड विकास मोर्चा प्रत्याशी रहे बाबूलाल मरांडी भाजपा में है, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा इस सीट को कांग्रेस से अपने पाले में करने की कोशिश कर रही है.

सूत्रों की मानें तो झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भाजपा के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा को संभवतः इस भरोसे पर लाई है कि उन्हें कोडरमा लोकसभा से पार्टी का टिकट दिया जाएगा. फिलहाल कांग्रेस के दावेदारों में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिख रहा है. इधर, पार्टी सूत्रों की मानें तो अल्पसंख्यक वोटों के भरोसे गोड्डा के फुरकान अंसारी अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं. इधर, भाकपा माले ने 16 जनवरी को बगोदर में आयोजित महेंद्र सिंह शहादत समारोह में कोडरमा पर मजबूत दावेदारी कर इंडिया गठबंधन के अंदर परेशानी बढ़ा दी है. माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने मंच से अपने इरादे जाहिर कर दी है. अब इंडिया गठबंधन के अंदर माले की अनदेखी भी आसान नहीं होगी. मिली जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय नेतृत्व के इशारे पर ही जिला स्तरीय नेता टिकट राग अलाप रहे हैं.

**विगत दो चुनाव में माले की रही है दमदार उपस्थिति**

विगत दो लोकसभा चुनाव में भाकपा माले की दमदार उपस्थिति रही है. 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने मिली सीट से चुनाव लड़ने के बजाय झारखंड विकास मोर्चा के प्रत्याशी बाबूलाल मरांडी को समर्थन दिया था. तब माले के राजकुमार यादव को 68,207 वोट मिले थे वहीं, कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार को 2.97 लाख मत मिले थे. 2014 के लोकसभा चुनाव में माले के राजकुमार यादव को 2,66,717 वोट, कांग्रेस के तिलकधारी प्रसाद सिंह को 60,330 वोट मिले थे. मालूम हो की 2014 कोडरमा लोकसभा चुनाव में रविंद्र राय ने राजकुमार को लगभग 100000 मतों से पराजित किया था, पर 2019 के चुनाव में मैदान में भाजपा से अन्नपूर्णा देवी के उतरने के बाद राजकुमार यादव का ग्राफ बहुत गिर गया था. इस बार भी चुनावी मैदान में भाजपा के टिकट पर अन्नपूर्णा रही तो राजकुमार को खास वर्ग का समर्थन मिलेगा या नहीं संशय की स्थिति बनी हुई है. कोडरमा लोकसभा में गिरिडीह जिले के धनवार, बगोदर, जमुआ और गांडेय विधानसभा क्षेत्र आने से इस सीट की चर्चा और दावेदारी गिरिडीह में ज्यादा हो रही है. फिलहाल इंडिया गठबंधन से किसकी उम्मीदवारी होगी भविष्य के गर्भ में है.

# न्यायिक पदाधिकारियों ने गरीबों के बीच बांटा कंबल, हर्षोल्लास

**संवाददाता । तेनुघाट**



तेनुघाट व्यवहार न्यायालय परिसर में न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया. इस अवसर पर जिला जज प्रथम राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि नालसा, झालसा और डालसा के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष ठंड के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है. जिससे उन्हें ठंड से बचने में राहत मिले. साथ ही अलाव की भी व्यवस्था किया जाता है. कुटुंब न्यायालय के राजीव रंजन ने कहा कि कंबल का वितरण ठंड के समय जरूरतमंदों को राहत मिलता है. कंबल पाने के बाद जरूरतमंद काफी प्रसन्न नजर आते हैं. कंबल वितरण के समय जिला जज द्वितीय अनिल कुमार, जिला जज तृतीय सूर्य मणि त्रिपाठी, एसीजेएम विशाल गौरव, सब जज द्वितीय राजेश रंजन कुमार, एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल, मुंसिफ श्वेता सोनी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी साक्षी श्रीवास्तव एवं रूपम स्मृति टोपनो भी मौजूद थी. अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष नालसा, झालसा और डालसा के निर्देश अनुसार जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया जाता है और यह आगे भी किया जाते रहेगा.

**नेताजी सुभाष की जयंती पर निकली प्रभातफेरी, विधायक बोले-**

# नेताजी ने युवाओं में आजादी के लिए लड़ने का जज्बा पैदा किया

**संवाददाता । गिरिडीह**



आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मंगलवार को गिरिडीह में मंगलवार सुबह प्रभातफेरी निकाली गई. शिशु निकेतन स्कूल अरगाघाट और बंगाली गर्ल्स स्कूल मकतपुर रोड से निकली प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, शिक्षक व बंगाली समाज के लोग शामिल हुए. बंगाली गर्ल्स स्कूल में हुए कार्यक्रम में गिरिडीह सदर के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू भी शामिल हुए. प्रभातफेरी शहर का भ्रमण करते हुए नेताजी चौक पहुंची, जहां सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया. लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह टाउन और बंगाली एसोसिएशन की ओर से बंगाली गर्ल्स स्कूल में बच्चों के बीच वाटर बोतल का वितरण किया गया.

विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि नेताजी की पूरी जिंदगी साहस और पराक्रम से भरी हुई है. उन्होंने देश को आजाद करने के लिए ऐसे नारे दिए जिससे भारतीयों के दिलों में आजादी की जल रही ज्वाला और तेज धड़कने लगी. उन्होंने युवाओं के भीतर आजादी के लिए लड़ने का जज्बा पैदा किया. कार्यक्रम में लायंस क्लब के धुर्व सोंथालिया, रतन गुप्ता, अनिल अग्रवाल, शाहिल कुमार, सुनील मोदी, आनंद, अमित जालान आदि मौजूद थे. शिशु निकेतन की प्रभातफेरी में पिक्लू बनर्जी, अर्णिम घोष, नोनता घोष, मिताली चक्रवर्ती आदि शामिल हुए.

## कसमार में सीपीआईएम ने मनाई सुभाषचंद्र बोस की जयंती

- सचिव शकुर अंसारी ने कहा कि आज देश में सांप्रदायिक विचारों को उभारकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास जारी है

**संवाददाता । कसमार (बोकारो)**



कसमार प्रखंड के सीपीआईएम कसमार लोकल कमेटी की ओर से मंगलवार को पार्टी कार्यालय में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर माकपा लोकल कमेटी सचिव शकुर अंसारी ने कहा कि आज देश में सांप्रदायिक विचारों को उभारकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास जारी है. देश की सार्वजनिक कंपनियों को बिक्री की जा रही है. बड़े कॉरपोरेट घरानों के हित में काम किया जा रहा है. बेरोजगारी और महंगाई बढ़ाने वाली नीतियां बनायी जा रही है. इस वर्तमान हालात में नेताजी सुभाषचंद्र बोस के विचारों से ही ऐसी नीतियों एवं ताकतों को परास्त किया जा सकता है. शकुर अंसारी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने अंग्रेजों एवं साम्राज्यवादी ताकतों की गुलामी से भारत को जल्द से जल्द आजाद करने के लिए आजाद हिंद फौज की स्थापना की. उनकी फौज में युवाओं की भारी तादाद उमड़ पड़ी और इस आंदोलन ने देश की आजादी में एक नया अध्याय जोड़ा. मौके पर उमाशंकर महाराज, इमामुल हुसैन, ऐनुल अंसारी, जटाधारी सिंह, शरीफ अंसारी, शहबान अंसारी, सगीर अंसारी, सलीम अंसारी, केदार महतो, मो कयामुद्दीन, मकिन अहमद, साजिद अली नूर व अन्य लोग मौजूद थे.

# पेड़ पर लटकता युवक का शव बरामद

**संवाददाता । पेटरवार (बोकारो)**




जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र के पेटरवार पुरनी पोखर के समीप मंगलवार को एक युवक का शव पेड़ पर लटकता मिला. शव की पहचान पेटरवार पंचायत निवासी कार्तिक महतो रूप में हुई है. तलाशी के दौरान युवक के पॉकेट में तीन दिन पहले की बोकारो स्टेशन प्लेटफार्म की टिकट बरामद हुई है. शव मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गयी. घटना की सूचना पाकर पेटरवार थाना प्रभारी विनय कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नीचे उतारा. इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडल अस्पताल भेज दिया और मामले की जांच में जुटी हुई है.

**पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में था कार्तिक महतो :** घटना की सूचना पाकर परिजन भी मौके पर पहुंच गये हैं. परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से कार्तिक महतो डिप्रेशन में रहता था. वह घर पर भी बहुत कम रहता था. परिजनों के अनुसार, कुछ दिन पहले वह अपने दोस्तों से पैसे मांग रहा था. ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि पैसे की तंगी के कारण कार्तिक महतो ने आत्महत्या की है. हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पायेगा. कार्तिक महतो घर का इकलौता कमाऊ बेटा था.

### स्कूली बच्चों से भरा ऑटो पलटा, 11 बच्चे हुए घायल

**बेरमो** । बोकारो थर्मल से कंजकिरो गांव जा रही स्कूली बच्चों से भरा ऑटो वाहन मंगलवार की दोपहर पलट गई. जिसमें 11 बच्चे घायल हो गए. सभी घायल बच्चों का इलाज बोकारो अस्पताल में इलाज कराया गया. बता दें कि बोकारो थर्मल से एक ऑटो में करीब 11 बच्चे अपने घर कंजकीरो लौट रहे थे. इसी दौरान सीसीएल गोविंदपुर कॉलोनी के समीप मुख्य सड़क में एक बाइक सवार को बचाने में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई. जिसमें 11 छात्र एवं दो अन्य व्यक्ति घायल हो गए. उनका इलाज डीवीसी के बोकारो थर्मल अस्पताल में करवाया गया. घटना में तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए. उनका बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया. घटना की सूचना मिलने के बाद बोकारो थर्मल थाना प्रभारी रूपेन्द्र कुमार राना सहित अन्य पुलिस कर्मी घटना स्थल पहुंचे और सभी बच्चों को अस्पताल ले गए और इलाज करवाया. दुर्घटनाग्रस्त ऑटो एवं बाइक को जब्त कर थाना ले गई.

# युवाओं को बोस की जीवनी पढ़नी चाहिए : राजेश सिन्हा



**संवाददाता । गिरिडीह**

सुभाष चंद्र बोस की 127वें जयंती पर मंगलवार को सुभाष चौक पर माले के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की. मौके पर देश के लिए दिए गए योगदान पर चर्चा की गई. माले नेता राजेश सिन्हा की अगुवाई में दर्जनों लोगों ने नारेबाजी की. सिन्हा ने कहा की नेता जी का द्वितीय विश्व युद्ध में बड़ा योगदान रहा. आजाद हिंद फौज बनाकर देश के लिए बड़ा योगदान दिया. इनका नारा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा.

सिन्हा ने कहा आज के नेताओं की बिल्कुल अलग सोच है. कहा कि 90% नेताओं की सोच है कि तुम मुझे वोट दो, मैं तुम्हे बेरोजगारी, भुखमरी,अशिक्षा, निजीकरण दूंगा. इसी सोच को समाप्त करने भाकपा माले पूरे राज्य में आगे की पंक्ति में खड़ा होकर लगातार आंदोलन कर रही है. माले नेता ताज हसन ने कहा कि आज के युवाओं को नेता जी की जीवनी पढ़ने की जरूरत है,आज के नेता और आज के युवा को ऐसे नेताओं को अपना आदर्श मानना चाहिए, वहीं आलोक रंजन ने कहा कि हमलोग को इनकी जीवनी के बारे जगह-जगह नुक्कड़ सभा के माध्यम से बताने की जरूरत है. मौके पर असीम डे, अनुपम, शहनवाज, अफसर, मुकेश, रघु आदि उपस्थित थे.



## गोल्डन फ्यूचर स्कूल के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी, दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता । तिसरी (गिरिडीह)**

तिसरी प्रखंड के गोल्डन फ्यूचर स्कूल में मंगलवार को सुभाष चन्द्र बोस की 128वीं जयंती मनाई गई. इस दौरान बच्चों द्वारा गोल्डन स्कूल से लेकर तिसरी चौक होते हुए गांधी मैदान तक बच्चों द्वारा सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, झांसी की रानी, जवाहर लाल नेहरू, भारत माता, स्वामी विवेकानंद की प्रभात फेरी निकाली गई. स्कूल प्रबंधक कारू बरनवाल द्वारा सर्व प्रथम सुभाष चंद्र बोस के फोटो पर फूल चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया. फिर स्कूल के अन्य शिक्षकों और तिसरी पुलिस के अलावा प्रवीण कुमार सिंह, राहुल यादव ने भी सुभाष चंद्र बोस के फोटो पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दिया. मौके पर प्रिंसिपल रानी, गौरव सिंह, महेंद्र वर्मा, ऋतु बरनवाल, सचिन यादव, बच्चन साव, स्टीफन टुडू मौजूद थे.

**नेताजी सेवा संघ ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर**

# नेताजी के आदर्शों पर चलें युवा : रवींद्र

- नेताजी सेवा संघ ने स्थापना दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर
- शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**संवाददाता । बेरमो**



बेरमो के विभिन्न क्षेत्रों में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई. नेताजी सुभाष सेवा संघ करगली बाजार द्वारा नेताजी की 128वां जयंती एवं संघ का 14वां स्थापना दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया. यहां पिछले साल भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था. जिसमें 40 लोगो ने रक्तदान किया. केबी कॉलेज बेरमो की ओर से तेनुघाट पिकनिक स्पॉट में जयंती मनाई गई. बता दें कि फुसरो में नेताजी जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित शिविर में रक्त संग्रह रेड क्रॉस सोसाइटी बोकारो के डॉक्टर मैथिली ठाकुर, सहयोगी संजय कुमार, धनंजय कुमार, कुमार हर्षवर्धन द्वारा किया गया. समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय, के रामाकृष्णा, जीएम एमके अग्रवाल, प्रतुल कुमार और राजीव कुमार, गिरजाशंकर पांडेय, गिरिजा देवी, डॉ उषा सिंह, प्रकाश कुमार सिंह, डॉक्टर शंकुतला कुमार, रविंद्र कुमार मिश्रा, आफताब आलम खान, उनेश, विजय कुमार सिंह व डीपी मौर्या, विनय सिंह, भाई प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, अशोक सिंह, नवल किशोर सिंह, कृष्ण कुमार, सुमित सिंह,भरत बर्मा, गजेंद्र सिंह, लाखन सिंह,अशोक सिंह, सुभाष बरनवाल, संतोषी सिहा,अनिल गुप्ता,आशुतोष कुमार, संजय पांडेय आदि मौजूद थे.

## उमरा के लिए रवाना हुए पति-पत्नी

**बेंगाबाद (गिरिडीह)** । बेंगाबाद प्रखंड के नैयाडीह से मंगलवार को लाल मोहम्मद एवं उनकी पत्नी उमरा के लिए मक्का के सफर पर रवाना हुए. काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों पति-पत्नी को उमरा के लिए रवाना किया. मौके पर कांग्रेस नेता सह मोमिन कॉन्फ्रेंस के प्रदेश महासचिव जैनुल अंसारी ने पहुंच कर हज उमरा पर जाने वाले दंपती को मुबारकबाद दी. मौके पर हाजी इस्माइल अंसारी, हुसैन अंसारी, कलीम अंसारी, हनीफ अंसारी, नासिर अंसारी, रज्जाक अंसारी, समसुद्दीन अंसारी, नूर सलीम, तबरेज, रियाज आदि मौजूद थे.

F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल
में आपका स्वागत और अभिनंदन!



आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।

- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES

BOOKING
Call 8527271652-ved

**परीक्षा** | **बोकारो में दो केंद्रों पर 3512 अभ्यर्थी देंगे जेईई मेंस एग्जाम**

# सफल संचालन के लिए तमाम तैयारियां पूरी : डॉ. गंगवार

**संवाददाता । बोकारो**



▪ फाइल फोटो

इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की तरफ से संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन 2024 सत्र 1) के पहले सत्र की शुरुआत 24 जनवरी 2024 से हो रही है, जो 1 फरवरी तक चलेगी. बोकारो जिले में जेईई मेन्स एग्जाम के लिए दो केंद्र बनाये गये हैं. जिसमें कुल 3512 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे. पहला परीक्षा केंद्र चास के नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया (चास) के बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया है. इसकी जानकारी एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर और डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार ने दी.

**परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी :** डॉ. ए एस गंगवार ने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार-मुक्त संपन्न हो और परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसकी हरसंभव व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है. डॉ. गंगवार ने बताया कि परीक्षा की शुरुआत आरआर टेक्नोलॉजी में बनाये गये केंद्र में 24 जनवरी को हो रही है, जहां सिर्फ दूसरी पाली में 97 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे.

इसके बाद केंद्रवार आरआर टेक्नोलॉजी में 27 जनवरी को प्रथम पाली में 140, दूसरी में 129, 29 जनवरी को दोनों शिफ्ट में 140-140, 30 जनवरी को पहली पाली में 99 व दूसरी में 140, 31 जनवरी को दोनों ही पालियों में 140-140 और 1 फरवरी को पहली पाली में 106 व दूसरी में 42 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे.

**दो पालियों में होगी परीक्षा :** इसी प्रकार अल्फा आईसीटी सेंटर में बनाये गये परीक्षा केंद्र में 27 जनवरी को पहली पाली में 219 व दूसरी में 220 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे. इसके बाद 29, 30, 31 जनवरी और एक फरवरी को दोनों ही पालियों में 220-220 परीक्षार्थी शामिल होंगे. पहली पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे चलेगी. वहीं दूसरी पाली दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक चलेगी. उल्लेखनीय है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित जेईई मेन्स परीक्षा में दो पेपर होते हैं. एक इंजीनियरिंग और दूसरा बीआर्क अथवा बी प्लानिंग कोर्स में एडमिशन के लिए होता है. जेईई मेन के दूसरे सत्र का आयोजन आगामी 01 से 15 अप्रैल तक होगा. अभ्यर्थियों को सभी आवश्यक गाइडलाइन के अनुपालन का निर्देश दिया गया है.

### ग्रिल उखाड़कर बर्तन दुकान से पांच लाख रुपये की चोरी

**पथरगामा** । गोड्डा जिले के पथरगामा मुख्य बाजार स्थित दुकान गुप्ता बर्तन भंडार का ग्रिल उखड़कर चोरों ने लाखों रुपए के बर्तन की चोरी कर ली. घटना सोमवार देर रात की है. दुकान मालिक आलोक कुमार गुप्ता के अनुसार, चोर करीब 5 लाख के सामान ले गए हैं. उन्होंने बताया कि हर सोमवार को रात आठ बजे दुकान बंद कर घर चले गए. सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो दुकान के अंदर का सामना बिखरा पड़ा था. चोर दुकान के पीछे लगे लोहे का ग्रिल तोड़कर अंदर घुसे थे. चोरी गई बर्तन में कांसा का कलशी पांच पीस, कांसा का थाली-लोटा 500 पीस, गिलास-कटोरी, कांसा का जग आदि सामान शामिल हैं.

